


... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, बृहस्पतिवार, 09 जुलाई-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष-43 ● अंक 264 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया







# धरती का स्वर्ग बनेगा बुंदेलखंड

## योगी ने बांदा में किया कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास



● समाजवादी पार्टी को लिया निशाने पर कहा-उन्हें कब्रिकस्तान प्यारा है मंदिर रास नहीं आते

● सांस्कृतिक विरासत की अनदेखी और बांटने वाली राजनीति में ही इनकी दिलचस्पी है

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 9 जुलाई को बांदा में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने बुंदेलखंड को औद्योगिक और रक्षा निर्माण के वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करके इसे धरती का स्वर्ग बनाने का संकल्प लिया। पंडित जवाहरलाल नेहरू डिग्री कॉलेज के मैदान में भारी भीड़ को संबोधित करते हुए, मुख्यमंत्री ने बुंदेलखंड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (BIDA) के तहत बुंदेलखंड को एक प्रमुख औद्योगिक शहर के रूप में विकसित करने की योजनाओं की रूपरेखा पेश की। योगी ने भविष्यवाणी करते हुए कहा कि इस क्षेत्र से होने वाला पलायन उलट जाएगा और कहा कि हम बुंदेलखंड को 'धरती का स्वर्ग' बनाएंगे। भविष्य में, युवा यहां से पलायन नहीं करेंगे; बल्कि, दुनिया भर से लोग नौकरियों के लिए बुंदेलखंड आएंगे। हम इस क्षेत्र को एक 'डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर' हब बना रहे हैं जहां ब्रह्मोस मिसाइलों का उत्पादन होगा। जब भारत इन्हें दागेगा, तो दुश्मन थर-थर कांपेगा। उन्होंने यह भी बताया कि लैंड माफियाओं के कब्जे से 64,000 एकड़ जमीन मुक्त कराई गई है। पिछले दशक में हुई प्रगति पर बात करते हुए, मुख्यमंत्री योगी ने 9.5 साल पहले बुंदेलखंड की अपनी पहली यात्रा को याद किया। उन्होंने उस समय के हालात को बेहद खराब बताया, जिसमें पलायन, पानी की कमी और माइनिंग व ज़मीन माफिया के साथ-साथ डकैतों का बोलबाला था। उन्होंने कहा कि जब मैं पहली बार 9.5 साल पहले बुंदेलखंड गया था, तो वहाँ हालात बहुत खराब थे। पीएम मोदी ने मुझसे कहा था कि सीएम के तौर पर मेरी पहली यात्रा बुंदेलखंड की होनी चाहिए। उस समय बुंदेलखंड पलायन, पानी की कमी और अलग-अलग तरह के माफिया–जैसे माइनिंग माफिया, लैंड माफिया और डकैतों के आतंक के लिए जाना जाता था। किसान भी अपने खेतों में जाने से डरते थे। वहाँ न तो कनेक्टिविटी थी, न पानी और न ही नौकरियां। आज बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे से जुड़ गया है और हर खेत और घर तक पानी पहुँच रहा है। अब जब भर्तियाँ होती हैं, तो बांदा के युवाओं को सरकारी नौकरी मिलती है। यह कभी एक सपना था; अब यह हकीकत है। मुख्यमंत्री ने पिछली समाजवादी पार्टी (SP) सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि उसने सांस्कृतिक विरासत की अनदेखी की और उस पर बांटने वाली राजनीति को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी और दूसरों में फ़र्क है। बीजेपी मंदिर को सुंदर बनाने और विरासत को बचाने पर पैसे खर्च करती है। समाजवादी पार्टी के समय में, वही पैसा कब्रिस्तान की बाउंड्री वॉल बनाने पर खर्च किया जाता था। उन्हें कब्रिस्तान पसंद हैं, इसलिए वे राम मंदिर और काशी विश्वनाथ धाम का विरोध करते हैं।

## यूपी में भारी बारिश से बौराईं नदियां तटवर्ती इलाकों में पलायन की तैयारी



**लखनऊ।** गंगा नदी का जलस्तर बीते 24 घंटे में छह सेंटीमीटर बढ़ा है। जलस्तर बढ़ने से गंगा नदी किनारे रहने वाले लोगों की चिंताएं बढ़ने लगी हैं। केंद्रीय जल आयोग के आंकड़ों के अनुसार, बीते मंगलवार को शाम चार बजे गंगा नदी का जलस्तर 107.720 मीटर रिकार्ड किया गया। जो बुधवार को शाम चार बजे की पैमाइश में 107.780 मीटर दर्ज किया गया। इस तरह से 24 घंटे में गंगा का जलस्तर छह सेंटीमीटर बढ़ा है। वहीं, चंपापुरवा, गोताखोर, इंदिरानगर, शक्तिनगर, रविदासनगर आदि गंगा किनारे बसे मुहल्लों में रहने वाले लोगों में जलस्तर बढ़ने से चिंताएं बढ़ने लगी है। पिछले तीन दिन से राज्य में हो रही बारिश से भीषण गर्मी और उमस से काफी राहत मिली लेकिन अब बारिश अपना भयावह रूप दिखा रही है। आज गुरुवार से पूरब से पश्चिम तक करीब 30 जिलों में भारी वर्षा का अलर्ट जारी किया गया है।

## यूसीसी लागू करने की तैयारी में महाराष्ट्र, 7 सदस्यों की कमेटी बनी



**मुंबई।** महाराष्ट्र में भी यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करने की तैयारी हो गई है। राज्य सरकार ने गुरुवार को इसके लिए 7 सदस्यों वाली एक कमेटी बनाने का एलान किया। इस कमेटी की अध्यक्षता सुप्रीम कोर्ट की रिटायर्ड जज रंजना देसाई करेंगी। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बताया कि कमेटी के अन्य सदस्यों में हाई कोर्ट के पूर्व जज आर सी चव्हाण और एस जी मेहरे, महाराष्ट्र के पूर्व मुख्य सचिव डी के जैन, पूर्व एडवोकेट जनरल वीरेंद्र सराफ, संवैधानिक मामलों के जानकार रमेश पतंगे और शिक्षाविद सुवर्णा रावल शामिल हैं। फडणवीस ने कहा कि कमेटी 6 महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंप देगी।

# भारत को यूरेनियम सप्लाई करेगा ऑस्ट्रेलिया

● पीएम मोदी और अल्बानीज़ के बीच ऐतिहासिक परमाणु समझौता

**मेलबर्न।** भारत के स्वच्छ और हरित ऊर्जा (Clean Energy) लक्ष्यों को हासिल करने की दिशा में गुरुवार को एक ऐतिहासिक मील का पत्थर स्थापित हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में वहां के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज़ के साथ एक साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में घोषणा की कि दोनों देशों ने परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में एक बेहद महत्वपूर्ण समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस रणनीतिक समझौते के तहत अब ऑस्ट्रेलिया भारत को यूरेनियम की नियमित सप्लाई करेगा, जिससे भारत के परमाणु ऊर्जा संयंत्रों को नई गति मिलेगी। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज़ के साथ अपने संबोधन के दौरान, मोदी ने कहा कि परमाणु ऊर्जा समझौता नई दिल्ली के क्लीन एनर्जी लक्ष्यों को नई गति देगा। दोनों देशों ने यूरेनियम और महत्वपूर्ण खनिजों की सप्लाई के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। मोदी ने कहा कि ये समझौते भारत की रणनीतिक सुरक्षा और क्लीन एनर्जी की ओर बढ़ने की प्रक्रिया के लिए महत्वपूर्ण होंगे।

## नशेड़ी पति ने पत्नी को मार कर घर में दफना दिया




**सूर्यगढ़ा (लखीसराय)।** सूर्यगढ़ा थाना क्षेत्र के अलीनगर गांव में बुधवार को एक सनसनीखेज घटना सामने आई। शराब के नशे में धुत पति ने अपनी पत्नी की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी। इसके बाद साक्ष्य मिटाने की नीयत से शव को मिट्टी के घर के अंदर जमीन खोदकर दफना दिया। देर शाम पत्नी के नहीं दिखने पर ग्रामीणों को संदेह हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पूछताछ की तो आरोपित पति टूट गया और पूरी वारदात स्वीकार कर ली। इसके बाद पुलिस ने जमीन खुदवाकर शव बरामद किया।

## हरियाणा में छात्र नेता ने किया UGC नेट एग्जाम लीक का दावा

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के छात्र नेता दीपक धनखड़ का एक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें छात्र नेता ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की ओर से आयोजित यूजीसी नेट जून 2026 परीक्षा में कथित प्रश्नपत्र लीक होने का दावा करते हुए मामले की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच की मांग की है। छात्र नेता दीपक धनखड़ ने वीडियो जारी कर आरोप लगाया कि 29 और 30 जून को आयोजित कुछ विषयों, विशेषकर सोशियोलाजी, के प्रश्न परीक्षा से पहले ही कुछ लोगों तक पहुंच गए थे। दीपक धनखड़ आप के छात्र विंग ASAP हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष है।

# लारी-कार की भिड़ंत में 7 की मौत

● धारवाड़ से जा रहे थे चिकमगलूर



**बेंगलुरु।** कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले से दर्दनाक हादसे की खबर सामने आ रही है, जहां गुरुवार तड़के एक कार की लॉरी से आमने-सामने की टक्कर में सात लोगों की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा येल्लापुर पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में बालागारा क्रॉस के पास रात क-रीब 1.30 बजे हुआ। MUV में ड्राइवर समेत नौ लोग सवार थे और वे धारवाड़ से धर्मस्थल और चिकमगलूर की यात्रा पर जा रहे थे। पुलिस ने बताया कि ड्राइवर संजीव कथित तौर पर गाड़ी को तेज रफ्तार और लापरवाही से चला रहा था. वह सड़क के एकदम दाईं ओर चला गया और अंकोला की ओर से आ रही लॉरी से टकरा गया।

### बिहार के 3 मजदूरों को स्कॉर्पियो ने कुचला

**जेवर।** बिहार के अररिया से जेवर के नीमका गांव में धान की रोपाई कर बिहार के मजदूर जेवर खुर्जा मार्ग से पैदल नीमका गांव वापस जा रहे थे। इसी दौरान जेवर की तरफ से आ रही तेज रफ्तार स्कॉर्पियो कार ने तीनों मजदूरों को जेवर खुर्जा मार्ग पर पीछे से रौंद दिया। दुर्घटना में तीनों मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई।



## अमेरिका ने फिर ईरान के 90 ठिकानों को निशाना बनाया

**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन।** अमेरिका ने देर रात ईरान पर फिर एयरस्ट्राइक की है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (CENTCOM) ने दावा किया कि उसने ईरान के करीब 90 सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। इनमें एयर डिफेंस सिस्टम, मिसाइल-ड्रोन स्टोरेज साइट, निगरानी ठिकाने, नौसैनिक ठिकाने और सैन्य लॉजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर शामिल हैं। उधर खुजेस्तान प्रांत के अहवाज शहर के बाहरी इलाके में हुए हमले में 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हुए हैं। स्थानीय प्रशासन के मुताबिक राहत और बचाव अभियान जारी है। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एयर फोर्स वन में पत्रकारों से कहा कि उन्हें हर समय खतरा रहता है। उन्होंने कहा क्या मैं ईरान की हिटलिस्ट में सबसे ऊपर हूं।' ट्रम्प ने दावा किया कि ईरान समझौता चाहता है, लेकिन उसे इस बात पर भरोसा नहीं कि तेहरान समझौते का पालन करेगा।






## बाढ़ में बह गया 3 हजार LPG

**मुम्बई।** महाराष्ट्र के रायगढ़ में बारिश के बाद 3 हजार LPG सिलेंडर पातालगंगा नदी में बह गए। पनवेल के LPG बॉटलिंग प्लांट में बाढ़ का पानी घुसने के बाद सिलेंडर बहे। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि कहीं सिलेंडर मिले तो उसे न छुएं और न ही घर ले जाएं।

# राहत के साथ बड़ी आफत लेकर आयी बारिश

## गर्मी से मुक्ति के लिए छटपटा रही दिल्ली अब पानी में लगा रही गोता



● मुम्बई से लेकर सूरत तक तबाही का मंजर

**दिल्ली-एनसीआर।** कल तक जो एनसीआर भीषण गर्मी में झुलस रहा था और बार-बार वर्षा की गुहार लगा रहा था आज वही दिल्ली-एनसीसार में लगातार तीन दिन से रुक-रुककर हो रही बारिश लोगों के लिए बड़ी मुसीबत बनती जा रही है। हालांकि गुजरे इन बारिश के दिनों में लोगों को गर्मी से राहत मिली लेकिन अब वही बारिश से हुए भारी जलभराव से ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो गई। हालात इतने भयावह हो गए कि कहीं जलभराव के पानी में वाहन डूब गए तो कहीं अंडरपास में पानी भर गया है। वहीं, तेज बारिश और मौसम के अलर्ट को देखते हुए कई जिलों में डीएम द्वारा आज स्कूलों में छुट्टी कर दी गई है जिससे बच्चों की मौज हो गयी, उन्हें इस स्कूल से बंदी ने उत्साह से भर दिया है। वहीं दूसरी तरफ मुंबई से लेकर सूरत और राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के अलग-अलग इलाकों से सामने आए नजारे बता रहे हैं कि बुा-नियादी जरूरतों का भी ध्यान नहीं रखा गया है। नालों का पानी सड़कों पर बह रहा है। ऐसे मौसम में दो-जून की रोटी के लिए संघर्ष कर रहा मध्यम वर्ग और उससे भी नीचे का तबका (रेहड़ी, दिहाड़ी मजदूर) सबसे भीषण मार झेल रहा है। दिल्ली-एनसीआर और नोएडा जैसे इलाकों में मवेशियों को भी बारिश में शरण की तलाश करते देखा गया। बारिश से फिलहाल राहत

जनमुख हिन्दी दैनिक City लाइव
• तापमान अधिकतम : 37.8°C
• तापमान न्यूनतम : 24.0°C
• सूर्योदय : 05.19
• सूर्यास्त : 06.30
वाराणसी, 09 जुलाई, बृहस्पतिवार, 2026 (2)







# हाइवे पर पलट गयी स्कूली बस

## एक छात्र की मौत, कई बच्चे घायल, दौड़ी शोक की लहर



**वाराणसी/आजमगढ़।** आजमगढ़ जिले के देवगांव कोतवाली क्षेत्र के वाराणसी-आजमगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर बृहस्पतिवार की सुबह स्कूली बच्चों को लेकर जा रही एक बस अनियंत्रित होकर पलट गई। इस घटना में बस सवार कई बच्चे घायल हो गए। सभी को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां एक छात्र को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार, यह हादसा देवगांव कोतवाली क्षेत्र के बसही मोड़ तिराहे के पास वाराणसी-आजमगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुआ। जामिया फैजेआम, देवगांव की बस छात्रों को लेकर जा रही थी। इसी दौरान किसी कारणवश चालक बस पर नियंत्रण खो बैठा और बस सड़क किनारे पलट गई। दुर्घटना इतनी अचानक हुई कि बस में बैठे छात्र संभल नहीं सके। बस पलटते ही बच्चों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके की ओर दौड़ पड़े। हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए छात्र की पहचान देवगांव कोतवाली क्षेत्र के बनारसपुर गांव निवासी 9 वर्षीय युनूस बेलाल खान के रूप में हुई। स्थानीय लोगों की मदद से उसे तत्काल उपचार के लिए सौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय लालगंज ले जाया गया। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। छात्र की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। अस्पताल परिसर में परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था और गांव में भी शोक की लहर फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और क्रेन को मंगाकर बस को बाहर निकलवाया। वहीं अन्य घायल बच्चों का स्वास्थ्य केंद्र में उपचार चल रहा है। सीओ भूपेश पांडेय ने बताया कि घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

### ● देवगांव के बसही मोड़ तिराहे पर हुआ हादसा, मचा हड़कंप




## क्रिकेट खेलने के दौरान एक छात्र ने दूसरे पर बैट से किया हमला, मौत

**भदोही।** भदोही जिले के दुर्गागंज थाना क्षेत्र के एक गांव में क्रिकेट खेलने के दौरान हुए मामूली विवाद ने एक छात्र की जान ले ली। नो-बॉल को लेकर हुए विवाद में 14 वर्षीय छात्र ने 12 वर्षीय छात्र आदित्य गौतम पर क्रिकेट बैट से हमला कर दिया। जिसके सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन उसे तत्काल एक निजी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आरोपी छात्र को हिरासत में ले लिया है। गांव में दो नाबालिग छात्र क्रिकेट खेल रहे थे। इसी दौरान नो-बॉल को लेकर उनके बीच कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर कक्षा आठ के छात्र ने कक्षा चार के छात्र आदित्य गौतम पर क्रिकेट बैट से हमला कर दिया।

## मंडलीय प्रतियोगिता के लिए वाराणसी के तीन स्कूल क्वालिफाई

वाराणसी। भेलूपुर स्थित सीएम एंग्लो बंगाली इंटर कॉलेज में सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता के 65वें चरण के प्राथमिक स्तरीय खेलों की शुरुआत बुधवार को हो गई। इसमें बालक-बालिका वर्ग की प्रतियोगिता में जिले के 12 स्कूली टीमों के 155 फुटबॉलरों ने दमखम दिखाया। अपने-अपने मुकाबले जीत वाराणसी के तीन स्कूल मंडलीय प्रतियोगिता के लिए क्वालिफाई कर गए। बुधवार को हुए मैचों में विकास इंटर कॉलेज, सीएम एंग्लो बंगाली इंटर कॉलेज और बालिका वर्ग में जवाहर आदर्श इंटर कॉलेज सुसुवाही की टीम विजेता रही।

## समय सीमा में संतोषजनक हो फरियादियों की शिकायतों का निस्तारण : जिलाधिकारी



### ● गलत रिपोर्ट लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई तय

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार द्वारा कलेक्ट्रेट जनता दर्शन में फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुनकर संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण करने का निर्देश दिया। अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि हर पीड़ित व्यक्ति की समस्या पर संवेदनशीलता पूर्वक ध्यान देते हुए समयबद्ध व पारदर्शी ढ़ग से निस्तारण सुनिश्चित कराये, ताकि फरियादी को बार-बार जनपद व तहसील मुख्यालय के चक्कर न लगाने पड़े। उन्होंने कहा कि निस्तारण संतुष्टिपरक हो, गलत रिपोर्ट लगाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी ने जन मानस की शिकायतों को गम्भीरतापूर्वक देखते हुए शिकायतों को गुणवत्तापरक समय-सीमा के अन्दर निस्तारण करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने समस्त विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि अपने-अपने विभागों में 10 से 12 बजे तक उपस्थित रहकर फरियादियों की शिकायतों को सुनें।

## सावन माह में काशी विश्वनाथ धाम के बैगेज काउंटर रहेंगे बंद

**वाराणसी।** सावन मास इस माह के आखिर में शुरू होने जा रहा है इसी के साथ ही काशी विश्वनाथ धाम प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक कड़ा कर दिया है। मन्दिर प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे बैग, मोबाइल, पेन, धातु की वस्तुएं आदि लेकर दर्शन के लिए न आएं। इन वस्तुओं के साथ मन्दिर में प्रवेश संभव नहीं होगा। मन्दिर प्रशासन ने बताया कि अत्यधिक भीड़ के कारण धाम परिसर में बैगेज काउंटर भी संचालित नहीं किए जाएंगे। इसलिए श्रद्धालुओं से अनुरोध किया गया है कि वे अपने सामान को घर, होटल, धर्मशाला या ठहरने के स्थान पर ही छोड़कर आएं। यह निर्णय भीड़ नियंत्रण और सुगम दर्शन के लिए मन्दिर ट्रस्ट की ओर से लिया गया है। प्रशासन ने सभी श्रद्धालुओं से सहयोग की अपील की है ताकि श्रावण मास के दौरान दर्शन करने वाले भक्तों को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े।

## सुलह-समझौते से लंबित वादों का किया जायेगा निस्तारण



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** न्याय को सरल, सुलभ एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से आम जन तक पहुंचाने तथा आपसी सहमति एवं समझौते के माध्यम से विवादों का शांतिपूर्ण निस्तारण करने के उद्देश्य से मुख्य न्यायाधीश महोदय, सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशन में समाधान समारोह, 2026 के अंतर्गत संपूर्ण भारत वर्ष में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया है। इस अभियान के माध्यम से सर्वोच्च न्यायालय में लंबित वादों का निस्तारण सुलह एवं समझौते के आधार पर किया जायेगा। न्याय प्रणाली को अधिक प्रभावी एवं जनहितकारी बनाने के उद्देश्य से 21, 22 एवं 23 अगस्त, 2026 को विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। इस आयोजन में ऐसे वाद जो सर्वोच्च न्यायालय में लंबित है तथा जिनमें समझौते की संभावना है, उन्हें आपसी सहमति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में निस्तारित किये जाने का प्रयास किया जायेगा। पक्षकारों के बीच सुलह-समझौता हेतु बैठक जनपद न्यायालय वाराणसी परिसर स्थित ए0डी0आर0 सेन्टर के मीडियेशन हॉल में किया जायेगा। अधिक जानकारी हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, वाराणसी कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

## वार्ड के प्रत्येक बूथ पर महानगर कांग्रेस कमेटी बैठाएगी 'प्रहरी'

### ● संगठनात्मक बैठक में लिया गया निर्णय



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** महानगर कांग्रेस कमेटी द्वारा मैदागिन पार्टी कार्यालय में एक महत्वपूर्ण एवं आवश्यक संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें संगठन को बूथ स्तर तक अधिक मजबूत, सक्रिय एवं जनसरोकारों से जोड़ने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे ने की। बैठक में महानगर कांग्रेस के पदाधिकारियों, विधानसभा प्रभारियों ने भाग लिया और संगठन विस्तार के लिए व्यापक रणनीति पर विचार-विमर्श किया। बैठक की शुरुआत कांग्रेस की गौरवशाली परंपरा, संविधान की रक्षा तथा जनहित के मुद्दों पर संघर्ष के संकल्प के साथ हुई। इसके बाद महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे ने संगठन की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए कहा किङ अब समय आ गया है कि कांग्रेस का संगठन केवल शहर या वार्ड स्तर के साथ बल्कि प्रत्येक बूथ तक उसकी सक्रिय उपस्थिति दिखाई दे। इसी उद्देश्य को लेकर महानगर कांग्रेस कमेटी ने वाराणसी महानगर के 100 वार्डों के प्रत्येक बूथ पर 'बूथ प्रहरी' नियुक्त करने का निर्णय लिया है। बैठक में डॉ राजेश गुप्ता, सतनाम सिंह,अरुण सोनी, वकील अंसारी, संतोष चौरसिया, अखिलेश पाण्डेय, रविशंकर श्रीवास्तव, सुनील तिवारी, रोहित मौर्य, संतोष गुप्ता, चंद्रिका मौर्य, उमानाथ पटेल, घनश्याम यादव, राम लखन साहनी, शुभम पटेल, वसीम अहमद आदि मौजूद रहे।

## मोहनसराय-अदलपुरा तक नहीं पहुंच पाया विकास

### ● सड़कें ताल-तलैया में तब्दील, सीवर के पानी से होकर गुजरना मजबूरी, रोज होता है हादसा, सुनने वाला कोई नहीं

(जनमुख डेस्क)



**वाराणसी।** आराजी लाइन विकासखंड क्षेत्र के मोहनसराय चौराहे के पास अदलपुरा रोड हल्की बारिश होने पर बड़े-बड़े गड्ढे तथा जलाशय में तब्दील हो गया। मोहन सराय अदलपुरा मार्ग पर बारिश तथा बदबूदार सीवर का पानी भर गया है जिसमें अदलपुरा स्थित शीतला धाम जाने वाले दर्शनार्थियों एवं क्षेत्रीय राहगीरों को आने-जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पैदल जाने वाले स्कूल के बच्चो सहित क्षेत्रिय लोगों का गंदे पानी का छींटा पड़ने से कपड़ा खराब हो जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि एनएचएआई द्वारा हाईवे के सर्विस रोड के किनारे बनाए गए बे तरीके ढंग से नाला मोहनसराय अदलपुरा मार्ग के दोनों किनारे पर नाले का खुला पड़ा है जिसकी वजह से नाला ओवरफ्लो होकर बदबूदार सीवर का पानी अदलपुरा मार्ग पर इकट्ठा हो जाता है।जिस सड़क पर अदलपुरा स्थित माता शीतला की दर्शन करने के लिए काफी मात्रा में लोगों का आवागमन होता रहता है दर्शनार्थियों को मजबूरन नाले के पानी के बीच से गुजर कर जाना पड़ता है। पानी की वजह से सड़क भी क्षतिग्रस्त होने के बाद गड्ढे के रूप में तब्दील हो गई है जिसमें बाइक एवं साइकिल सवार दर्शनार्थी तथा क्षेत्रीय राहगीर असंतुलित होकर उक्त सीवर के बदबूदार पानी में गिर कर घायल भी हो जाते हैं। जिसको लेकर इस रोड से राहगीरों का आवागमन भी कम हो गया है जिसके कारण स्थानीय दुकानदार भी भुखमरी के कगार पर आ चुके हैं। उक्त रोड पर मंत्री तथा विधायकों का भी आवागमन होता रहता है लेकिन इस समस्या का समाधान हेतु कोई पहल नहीं करता और अनदेखी कर देता है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना : ओटी-16-2026**

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिये "खुली" निविदा आमंत्रित की जाती है :-

**निविदा सं.** : ओटी-16-2026, **कार्य का विवरण** : मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर ऑफिस बिल्डिंग, निर्माण संगठन नियंत्रित अधिकारी एवं कर्मचारी विश्रामालयों व स्टोर कार्यालयों के विद्युतीय उपकरणों का मरम्मत/बदलाव/प्रावधान (दो वर्षों तक), **अनुमानित लागत** : रु. 1,12,30,401.91, **बयाना राशि** : रु. 2,24,600.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य** : रु. निल, **कार्य पूर्ण करने की अवधि** : 24 माह, **निविदा बन्द होने की अंतिम तिथि व समय** : 28.07.2026 को 15.00 बजे।

**नोट** : • इस निविदा के विरुद्ध कोई मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाईट www.ireps.gov.in को देखें। • निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होंगे।

## महाभियान चलाकर हटाया 1000 किलो कूड़ा

### ● नमामि गंगे ने की पर्यटकों से गंगा किनारे गंदगी न फैलाने की अपील



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** सावन की आमद और बाढ़ की आहट के बीच नगर निगम जीवनदायिनी गंगा को प्रदूषण के डंक से बचाने का प्रयास अभी से शुरू कर दिया है। इस क्रम में बुधवार को निगम व नमामि गंगे की संयुक्त टीम ने गंगा पार (रेत वाले हिस्से) पर एक वृहद स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान उस पार की रेती पर फैले करीब 1000 किलोग्राम (एक टन ) कचरा हटाया गया, ताकि जलस्तर बढ़ने पर यह गंदगी बहकर गंगा के मुख्य जलप्रवाह में न मिल सके। श्रमदान के दौरान टीम ने रेत पर बिखरे कपड़े, पॉलीथिन, प्लास्टिक की बोतलें, डायपर, पूजन सामग्री और निर्माल्य को एकत्रित किया। श्रमदान और स्वच्छता अभियान में मुख्य रूप से राजेश शुक्ला, महानगर प्रभारी पुष्पलता वर्मा, शिवम रावत, देवेंद्र कुमार, शिवम कश्यप, अरुण कुमार, निगम के सुपरवाइजर कामेश्वर सेठ, रिंकू सेठ, दिनेश चौधरी, सुनील कुमार, गोपाल, महेंद्र साहनी, हेमवती, रेखा, मंजू और लखी देवी सहित बड़ी संख्या में पर्यावरण मित्र उपस्थित रहे।

## NDRF ने बचायी डूबते युवक की जान

### ● 20 वर्षीय रिशुराज बिहार से आया है वाराणसी घूमने



**वाराणसी।** वाराणसी के गंगा नदी के दांडी घाट पर गुरुवार की सुबह एक युवक गंगा में स्नान कर रहा था। इसी दौरान वह अनियंत्रित होने लगा और गहरे पानी में पहुंच गया। धीरे धीरे वह डूबने लगा। लोगों ने वहां मौजूद एनडीआरएफ की टीम को बताया। पहले से ही घाट पर पिकेट और पेट्रोलिंग ड्यूटी के दौरान 11वीं वाहिनी एनडीआरएफ की टीम ने गंगा में छलांग लगा दी। एनडीआरएफ टीम ने बचावकर्मी ने तेजी और तत्परता से व्यक्ति को सुरक्षित बाहर निकालकर नदी तट पर पहुंचाया। बचाए गए व्यक्ति की पहचान रिशुराज 20 वर्ष, पुत्र सतीश कुमार पटेल, निवासी नालंदा, बिहार के रूप में हुई है। एनडीआरएफ के उप महानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि समय रहते किए गए इस त्वरित बचाव अभियान के कारण युवक की जान बचाई जा सकी।

**जनमुख परामर्श मंडल**

**एस. कुमार**
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया

**संतोष अग्रवाल** हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

**श्रीनारायण खेमका**
अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन

**वी.के.जैन**
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

**डा. एस.के.पाठक**
वरिष्ठ चिकित्सक

**डा. नीलम ओहरी**
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
**ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'**


समाचार सम्पादक
**सरोज सिन्हा**

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।

रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324 9336929544
Email : janmukh.vns@gmail.com

## जौनपुर समाचार

### भाई-बहन की सड़क हादसे में मौत, अयोध्या दर्शन कर लौटते समय परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़



**जौनपुर।** अयोध्या धाम से दर्शन कर लौट रहे मुंगराबादशाहपुर निवासी परिवार बुधवार देर रात हादसे का शिकार हो गया। प्रतापगढ़ जिले के रानीगंज थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में कार सवार सगे भाई आकाश सोनी (26) और प्रिया सोनी (24) की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। आकाश और प्रिया मूल रूप से गोंडा जिले के मनकापुर क्षेत्र के निवासी थे। माता-पिता के निधन के बाद वे पिछले तीन वर्षों से अपने जीजा मनीष सोनी के परिवार के साथ मुंगराबादशाहपुर के नईगंज मोहल्ले में रह रहे थे। मंगलवार को मनीष सोनी अपने परिवार के साथ दो कारों से अयोध्या दर्शन के लिए गए थे। दर्शन के बाद सभी बुधवार रात वापस लौट रहे थे। रात करीब एक बजे प्रतापगढ़ जिले के रानीगंज थाना क्षेत्र में सरकारी अस्पताल के पास आकाश और प्रिया की वैगनआर कार की सामने से आ रही एक पिकअप से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि पिकअप वाहन असंतुलित होकर कार के ऊपर पलट गया। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। कार चालक मोहित सोनी (25) बाल-बाल बच गए। पीछे चल रही दूसरी कार में मनीष सोनी और उनके परिवार के सदस्य थे, जिन्होंने यह हादसा देखा। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। मुंगराबादशाहपुर थानाध्यक्ष अश्विनी दूबे ने बताया कि पीड़ित परिवार की हर संभव सहायता की जा रही है।

## सुल्तानपुर समाचार

### हाईवे पर पिकअप और बाइक की भिड़ंत में मां-बेटे की मौत

**मोतिगरपुर।** लखनऊ-बलिया हाईवे पर शाहपुर लपटा गांव के पास बुधवार दोपहर बाइक व पिकअप की भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में बाइक पर सवार जयसिंहपुर के करौंदी निवासी अमर बहादुर प्रजापति (30) व उनकी मां ममता देवी (55) की मौत हो गई। पिकअप पर सवार चालक व उसके साथ मौजूद दो लोग बच गए।

मां-बेटे की मौत का पता चलने के बाद से परिवार में चीख-पुकार मची है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना बुधवार दोपहर करीब 12:30 बजे हुई। बाइक अमर बहादुर चला रहे थे, उनकी मां ममता देवी पीछे बैठी थीं। अमर बहादुर ने हेलमेट नहीं पहना था। शाहपुर लपटा के पास अचानक उनकी बाइक की अनियंत्रित पिकअप से भिड़ंत हो गई। पिकअप से भिड़ंत के बाद बाइक करीब 30 फीट दूर जाकर गिरी, जबकि पिकअप सड़क के किनारे पेड़ से जा टकराया।

## गाजीपुर समाचार

### खेत जाते समय करेंट की चपेट में आए युवक की मौत



**गाजीपुर।** जंगीपुर थाना क्षेत्र के सआदतपुर (सोहबतिया) गांव में बुधवार को खेत की जोताई के लिए जा रहे एक युवक की बिजली के करेंट की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के बड़े भाई रामाधार सिंह यादव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका छोटा भाई रामपति यादव (35) पुत्र सीरी यादव बुधवार दोपहर खेत की जोताई कराने जा रहा था। खेत के पास बिजली का तार नीचे लटका हुआ था, जिससे ट्रैक्टर के निकलने में दिक्कत हो रही थी। रास्ता साफ करने के उद्देश्य से रामपति ने तार को हाथ से उठाने का प्रयास किया। इसी दौरान वह करेंट की चपेट में आ गए और मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़े।

शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और उन्हें तत्काल निजी वाहन से गाजीपुर मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। रामपति यादव चार भाइयों में दूसरे नंबर पर थे। परिवार में पत्नी रनीता देवी, दो बेटियां और एक बेटा हैं। वह मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनकी असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। जंगीपुर थाना प्रभारी शिवमणि त्रिपाठी ने बताया कि मृतक के बड़े भाई की तहरीर के आधार पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## सोनभद्र समाचार

### बीजपुर में सांप के डंसने से बालक की मौत

**सोनभद्र।** म्योरपुर विकास खंड के महरीकला गांव में बुधवार देर रात करैत सांप के डंसने से पांच वर्षीय बालक रोहित की मौत हो गई। परिजन उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) म्योरपुर ले गए, लेकिन इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार, महरीकला गांव निवासी सुरेंद्र बैगा का पुत्र रोहित बुधवार रात अपने परिजनों के साथ जमीन पर सो रहा था। देर रात करीब एक बजे एक विषैले करैत सांप ने उसके सीने पर डंस लिया। सांप के काटने पर बालक चीखने लगा, जिससे परिजनों की नींद खुल गई। रात का समय होने के कारण परिजनों को वाहन की व्यवस्था करने में लगभग दो घंटे लग गए। इसके बाद करीब तीन बजे एक निजी वाहन से बालक को सीएचसी म्योरपुर लाया गया। इमरजेंसी में तैनात डॉ. पल्लवी सिन्हा ने तत्काल उपचार शुरू किया, लेकिन तब तक विष शरीर में काफी फैल चुका था।

## भदोही समाचार

### कान में नमी बढ़ा रही फंगल इंफेक्शन की समस्या, अस्पताल में बढ़े मरीज



**ज्ञानपुर।** बारिश में थोड़ी लापरवाही भारी पड़ सकती है। खासकर कान जैसी संवेदनशील जगह पर अगर बारिश का पानी जाता है तो इससे फंगल इंफेक्शन होने का खतरा रहता है। चिकित्सकों के अनुसार अगर कान में बार-बार खुजली हो रही है तो इसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। यह फंगल इंफेक्शन का लक्षण है। जिला अस्पताल में ईएनटी विशेषज्ञ की तैनाती न होने से मरीजों का उपचार फिजिशियन ही कर रहे हैं। महाराजा चेतसिंह जिला चिकित्सालय में प्रतिदिन औसतन 800 की ओपीडी होती है। कान से संबंधित बीमारी से ग्रसित मरीज गिने-चुने आते हैं। बारिश के बाद से कान के मरीजों की संख्या बढ़ी है। अस्पताल में अब 50 मरीज हर दिन पहुंचने लगे हैं। जिन्हें जांच के बाद दवा दी जाती है। जिले में एक ईएनटी की डॉक्टर हैं। वे महाराजा बलवंत सिंह राजकीय चिकित्सालय में हैं। फिजिशियन डॉ. प्रदीप यादव ने बताया कि उमस और नमी के कारण कानों में फंगल इन्फेक्शन (ओटोमाइकोसिस) की समस्या बढ़ी है। इसके मरीज भी इन दिनों आ रहे हैं। जुलाई से अक्तूबर तक कान के अधिक मरीज आते हैं। बताया कि यह बीमारी तब होती है, जब कान में पानी जाता है। कई लोग नहाने या बारिश में भींगने के बाद कानों को ठीक से सुखवाते नहीं हैं। इससे कान में संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। इसके अलावा कुछ लोग कान खुजलाने के लिए माचिस की तीली, हेयरपिन, चाबी या कॉटन बड का इस्तेमाल करते हैं।

## मीरजापुर समाचार

### मीरजापुर नगर व विन्ध्य नगरी की सड़को को बनाए स्वच्छ व सुन्दर-सड़क निर्माण कार्य में लाएं तेजी -योगी आदित्यनाथ

**मीरजापुर।** मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 श्री योगी आदित्यनाथ जनपद भ्रमण के दौरान सबसे पहले विन्ध्याचल मोतिया झील पर स्थित हेलीपैड पर उतरने के पश्चात सीधे माँ विन्ध्यवासिनी देवी धाम मन्दिर पर पहुंकर पूरे मंत्रोच्चार के साथ पूजन अर्चन कर मां विन्ध्यवासिनी देवी का दर्शन पूजन कर प्रदेशवासियों के कल्याण की कामना की। मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा कारीडोर परिसर में भ्रमण कर अवलोकन किया गया। कारीडोर परिसर में स्थित विन्ध्य पौध प्रसादम के स्टाल पर पहुंचकर श्रद्धालुओं को पौध वितरण किया तथा एन0आर0एल0एम0 समूह की महिलाओं द्वारा बनाए गए सामाग्रियो (विन्ध्य ब्राण्ड) के स्टाल पर जाकर निरीक्षण किया गया तथा रखे गए सामाग्रियो के बारे में जानकारी ली गई। इस दौरान कारीडोर में उपस्थित कुछ बच्चों को मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा चाकलेट भी वितरण कर उनका उत्साह वर्धन किया गया। इस अवसर पर मा0 विधायक नगर रत्नाकर मिश्र जी द्वारा मा0 मुख्यमंत्री जी को चुनरी ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्वागत व अभिनन्दन किया गया। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार द्वारा मन्दिर परिसर में स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्वागत व अभिनन्दन किया गया। इसके पूर्व उपाध्यक्ष राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग सोहन लाल श्रीमाली जी के द्वारा हेलीपैड पर मा0 मुख्यमंत्री जी को अंगवस्त्रम प्रदान कर स्वागत व अभिनन्दन किया गया।

तत्पश्चात मा0 मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने अष्टभुजा निरीक्षण में गृह सभागार में मण्डल के तीनो जनपदों के लोक निर्माण विभाग के परियोजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की गई तथा जनपद सोनभद्र, मीरजापुर व भदोही के मा0 विधायकगण के द्वारा दिए गए नए कार्यो के प्रस्ताव की समीक्षा की गई। बैठक में मा0 केन्द्रीय राज्यमंत्री स्वास्थ्य परिवार कल्याण एवं रसायन उर्वरक भारत सरकार एवं मा0 सांसद मीरजापुर अनुप्रिया पटेल, मा0 मंत्री प्राविधिक शिक्षा एवं उपभोक्ता मामले उ0प्र0 आशीष पटेल, मा0 सांसद भदोही डॉ विनोद बिंद, मा0 राज्यमंत्री समाज कल्याण संजीव गौड़, मा0 राज्यमंत्री लोक निर्माण विभाग बृजेश सिंह, मा0 विधायक नगर रत्नाकर मिश्र, मा0 विधायक चुनार अनुराग सिंह, मा0 विधायक मड़िहान रमाशंकर सिंह पटेल, मा0 विधायक मझवा सुचिस्मिता मौर्या, मा0 विधायक छानबे रिंकी कोल, मा0 विधायक राबर्टगंज भूपेश चैबे, मा0 विधायक घोरावल अनिल कुमार मौर्य, मा0 विधायक ज्ञानपुर विपुल दूबे, मा0 विधायक औराई दीनानाथ भाष्कर, सदस्य विधान परिषद श्याम नारायण सिंह उर्फ विनीत सिंह, अध्यक्ष जिला पंचायत राजू कनौजिया, एवं प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग अजय चैहान, एच0ओ0डी0 अशोक कुमार द्विवेदी, मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल राजेश प्रकाश, जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार, मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार के अलावा लोक निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहें।

## देवरिया समाचार

### वृद्ध की मौत पर हंगामा

**रुद्रपुर (देवरिया)।** क्षेत्र के पिड़हनी गांव में रास्ते के विवाद के निपटारे के लिए जमीन की पैमाइश के दौरान एक बुजुर्ग की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। पीड़ित पक्ष ने गलत पैमाइश के विरोध पर एसडीएम के डांटने से हार्ट अटैक आने का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। एसडीएम ग्रामीणों को समझाते रहे और ग्रामीण पैमाइश करने गई टीम पर कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। रात करीब नौ बजे सीओ रुद्रपुर और एसडीएम ने कार्रवाई का भरोसा देते हुए शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। सर्वजीत यादव और भृगुनाथ यादव के बीच रास्ते की जमीन में खलिहान और आबादी पर कब्जे को लेकर विवाद चल रहा है। सर्वजीत के परिवार का कहना है कि बुधवार को दोपहर में एसडीएम अवधेश निगम राजस्व टीम और पुलिसकर्मियों के साथ विवादित जमीन की पैमाइश कराने गांव में पहुंचे।

## प्रयागराज समाचार

### 12 जुलाई से पौधारोपण, लगाएंगे 71.05 लाख पौधेःडीएम ने कलेक्ट्रेट में अफसरों संग बैठक कर बनाई रणनीति



**प्रयागराज।** 12 जुलाई से वृहद पौधरोपण अभियान शुरू होगा। इस दौरान जिले में कुल 71.05 लाख पौधे लगाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान की तैयारियों को लेकर बुधवार को संगम सभागार में जिलाधिकारी (डीएम) मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक हुई, जिसमें इसे सफल बनाने की रणनीति पर चर्चा की गई। प्रभागीय वनाधिकारी (डीएफओ) अरविंद कुमार यादव ने बैठक में लक्ष्य का विस्तृत खाका प्रस्तुत किया। इस अभियान में वन विभाग की सबसे बड़ी भागीदारी होगी, जिसे 24 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य दिया गया है। ग्राम विकास विभाग 23.72 लाख पौधों के साथ दूसरे स्थान पर है। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे चिन्हित स्थलों, गड्ढों की संख्या और रोपण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए अभी से तैयारी पूरी कर लें।

डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि पौधरोपण केवल एक सरकारी औपचारिकता नहीं होनी चाहिए। रोपित पौधों की 'जिओ-टैगिंग' अनिवार्य की गई है और उनका डेटा 'हरितिमा एप' पर अपलोड करना होगा। उन्होंने चेतावनी दी कि इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस महाअभियान को सफल बनाने के लिए प्रशासन इसे 'जन-आंदोलन' का स्वरूप देने की तैयारी कर रहा है। जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक और उच्च शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे शिक्षकों, प्रधानों और प्राचार्यों के साथ ऑनलाइन बैठकें कर इस लक्ष्य को जन-जन तक पहुंचाएं। शहर की सुंदरता बढ़ाने के उद्देश्य से सड़कों के किनारे एक ही प्रजाति के बड़े और स्वस्थ पौधे लगाकर एक 'थीम' विकसित की जाएगी। औद्योगिक इकाइयों के लिए भी वृक्षारोपण अनिवार्य किया गया है। यदि किसी इकाई के पास अपनी जमीन नहीं है, तो जिला प्रशासन उन्हें सरकारी भूमि उपलब्ध कराएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में 150 मियावाकी साइटें तैयार की गई हैं।

## चंदौली समाचार

### गंगा नहर में किशोरी का शव मिला, रील बनाने पर मां के डांटने के बाद नहर में कूदने की आशंका

**चंदौली।** अलीनगर थाना क्षेत्र की गोधना नई बस्ती के समीप बड़ी गंगा नहर में बुधवार को एक किशोरी का शव मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाकर कब्जे में लिया और पहचान के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार सिंह के अनुसार शव की पहचान बबुरी थाना क्षेत्र के लेवा रोड निवासी खुशबू (15) के रूप में हुई। वह कुछ दिन पहले मिजापुर के अदलहाट थाना क्षेत्र के कौवासात स्थित ननिहाल गई थी। बताया जा रहा है कि रील बनाने पर मां ने उसे डांट दिया था। इसके बाद वह सोमवार की दोपहर मठना गांव के समीप गंगा नहर में कूद गई थी। घटना के संबंध में अदलहाट थाने प्राथमिकी दर्ज की गई थी। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि गंगा नहर के तेज बहाव के कारण किशोरी का शव बहकर गोधना नई बस्ती तक पहुंच गया।

## आजमगढ़ समाचार

### करेंट की चपेट में आने से किशोर की गई जान

**बिंद्राबाजार।** गंभीरपुर थाना क्षेत्र के हुसेपुर मुहम्मदपुर गांव में मंगलवार की शाम को करेंट की चपेट में आने से सागर सिंह (7) की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच हो रही है। पिता शिवराज सिंह ने बताया कि उनके बेटे सागर सिंह मंगलवार की शाम करीब चार बजे घर से लगभग 50 मीटर दूर खेत में शौच के लिए गया था। उसके वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। खेत में पहुंचने पर सागर सिंह बिजली के खंभे के पास अचेत पड़ा थे। परिजन उसे उपचार के लिए डॉक्टर के पास ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर गंभीरपुर पुलिस पहुंची। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पिता शिवराज सिंह की तहरीर के आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## बलिया समाचार

### करेंट की चपेट में आने से बच्ची की मौत, शिकायत के बाद भी नहीं बदला गया विद्युत पोल



**बलिया।** जनपद के थाना दोकटी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भगवानपुर में सुबह पांच वर्षीय रोशनी की करेंट लगने से मौत हो गई। रोशनी मिथिलेश साह की पुत्री थी। यह घटना सुबह लगभग 7:00 बजे हुई। गांव में स्थित लोहे के विद्युत पोल में अचानक प्रवाहित करेंट की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से झुलस गई थी।

घटना के बाद परिजन और ग्रामीण तत्काल उसे उच्च प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सोनबरसा लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मासूम की असामयिक मौत से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई, वहीं ग्रामीणों में विद्युत निगम के प्रति भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों का आरोप है कि यह हादसा किसी आकस्मिक दुर्घटना का परिणाम नहीं, बल्कि विद्युत निगम की वर्षों से चली आ रही कथित लापरवाही का नतीजा है। उनका कहना है कि गांव में लगे इस लोहे के विद्युत पोल में करेंट आने और उसकी जर्जर स्थिति को लेकर पिछले आठ से दस वर्षों से लगातार शिकायतें की जाती रही हैं। ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों को लिखित प्रार्थना-पत्र, ई-मेल, सम्पूर्ण समाधान दिवस में आवेदन तथा कई बार मौखिक रूप से भी अवगत कराया, लेकिन समस्या के समाधान के लिए कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते पोल को हटाया जाता या उसे सुरक्षित बनाया जाता, तो एक मासूम बच्ची की जान बचाई जा सकती थी।

घटना के बाद ग्रामीणों ने प्रशासन और विद्युत निगम के खिलाफ नाराजगी जताते हुए दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जवाबदेही तय करने की मांग की। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराई जाए, दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए।


## मऊ समाचार

### मां के लिए दवा लेने गए बाइक सवार युवक की ट्रैक्टर की टक्कर से मौत, साथी घायल

**मऊ।** सरायलखंसी थाना क्षेत्र के बहरीपुर गांव के पास बुधवार दोपहर एक ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार प्रभाकर कुमार (21) की मौत हो गई, उसका साथी घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सरायलखंसी थाना क्षेत्र के परसपुरा गांव निवासी प्रभाकर कुमार, बुधवार को अपनी मां के लिए दवा लेने डुमरांव मोड़ आया था। उसके साथ गांव का आदित्य कुमार (18) भी बाइक पर सवार था। दोपहर करीब तीन बजे बहरीपुर के पास एक बेकाबू ट्रैक्टर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में प्रभाकर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि आदित्य को हल्की चोटें आई। स्थानीय लोगों ने घायल आदित्य को जिला अस्पताल में भर्ती क-

## गोरखपुर समाचार

### धारदार हथियार से कत्ल, हिरासत में हत्यारोपी, दोनों में आए दिन होता था विवाद



**गोरखपुर।** गुलरिहा थाना क्षेत्र के सरहरी चौकी अंतर्गत टिकरिया गांव में बुधवार शाम जमीन विवाद ने खूनी रूप ले लिया। ट्रैक्टर खड़ा करने को लेकर हुए विवाद में एक किराना दुकानदार की चाकू से हमला कर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान गिरमिट चौराहा निवासी अमरनाथ गुप्ता (56) के रूप में हुई है। पुलिस ने पांच आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, अमरनाथ गुप्ता टिकरिया गांव में काफी समय से नेवासा पर रहते थे और उनकी किराने की दुकान थी। उनका पड़ोसी से जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। बताया जा रहा है कि इसी जमीन को लेकर अमरनाथ ने न्यायालय से स्थगन आदेश भी ले रखा था। बुधवार शाम करीब छह बजे अमरनाथ ने अपनी जमीन के सामने ट्रैक्टर खड़ा किया था। इसी बात को लेकर दूसरे पक्ष से कहासुनी शुरू हो गई। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर अवधेश चौहान उर्फ गब्बर चौहान ने चाकू से अमरनाथ के सीने पर हमला कर दिया। हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन आनन-फानन में उन्हें इलाज के लिए बीआरडी मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही एसपी सिटी निमिष पाटिल और सीओ गोरखनाथ रवि कुमार सिंह मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जानकारी ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया है। अमरनाथ का मकान फोरलेन निर्माण के दौरान ध्वस्त हो गया था। दोनों पक्षों के बीच करीब पांच वर्ष से विवाद चल रहा था, जिसका मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन है। 27 मई को अमरनाथ ने एसडीएम सदर के न्यायालय में स्थगन आदेश के लिए प्रार्थना पत्र दिया था, जिस पर 16 जुलाई 2026 तक स्थगन आदेश जारी किया गया था। बताया जा रहा है कि सोमवार को आरोपी पक्ष कब्जा करने का प्रयास कर रहा था।

## लाइफ मंत्र

### Ujjain Yatra होगी अधूरी, अगर नहीं किए 84 महादेव के दर्शनः जानें Route Map और महत्व



क्या आप जानते हैं कि आपको उज्जैन में एक नहीं बल्कि 84 महादेव के दर्शन करने को मिल सकता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको उज्जैन के सभी 84 महादेव के बारे में बताने जा रहे हैं।

सर्दी का मौसम हो या गर्मी है, कुछ महिलाओं को घूमना बेहद पसंद होता है। वहीं महिलाएं अलग-अलग जगहों को एक्सप्लोर करती हैं। अगर आप भी इन्हीं महिलाओं में से एक हैं और आपको भी घूमना-फिरना काफी पसंद है। तो यह खबर आपके लिए है। आज हम आपको एक ऐसी जगह के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आप कुल 84 महादेव के दर्शन कर सकते हैं और इस जगह का बेहद महत्व भी माना जाता है।

**उज्जैन में मौजूद है 84 महादेव**

उज्जैन को बाबा महाकाल की नगरी कहा जाता है। यहां पर हर कोई ज्योतिर्लिंग और काल भैरव के दर्शन के लिए जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि आपको उज्जैन में एक नहीं बल्कि 84 महादेव के दर्शन करने को मिल सकता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको उज्जैन के सभी 84 महादेव के बारे में बताने जा रहे हैं।

**उज्जैन के 84 महादेवों के नाम**

वहीं 84 महादेवों में सबसे पहले अगस्तेश्वर महादेव आते हैं। फिर गुहेश्वर, डमरुकेश्वर महादेव, ढुंढेश्वर महादेव, स्वर्णजालेश्वर महादेव, त्रिविष्टपेश्वर महादेव, धारकेश्वर महादेव, दशमुखेश्वर महादेव, करभेश्वर महादेव, कंटकेश्वर महादेव, कंडुकेश्वर महादेव, सिंहेश्वर महादेव, प्रहादकेश्वर महादेव, राजेंद्रेश्वर महादेव, कोटिश्वर महादेव, विमलेश्वर महादेव, अंधकेश्वर महादेव, नीलकंठेश्वर महादेव, कपालमोचन महादेव, अनादि सिद्धेश्वर महादेव, अनादि कल्पेश्वर महादेव, शुक्रेश्वर महादेव, संगमेश्वर महादेव, हाटकेश्वर महादेव, मुकुटेश्वर महादेव, जटेश्वर महादेव, च्यवनेश्वर महादेव, अप्सरेश्वर महादेव, वरुणेश्वर महादेव, दशपुरेश्वर महादेव, नागचंद्रेश्वर महादेव, कुट्टुम्बेश्वर महादेव, महाकालेश्वर महादेव, जटाश्रृंगेश्वर महादेव, कर्कटेश्वर महादेव, घटकेश्वर महादेव, रामेश्वर महादेव, कलकलेश्वर महादेव, अर्धनारीश्वर महादेव, सौरीश्वर महादेव, कुबेरेश्वर महादेव और कुंटेश्वर महादेव।

**आखिरी में लोमशेश्वर महादेव**

लोकेश्वर महादेव, तिलभांडेश्वर महादेव, गर्गेश्वर महादेव, गोपेश्वर महादेव, नुकुलेश्वर महादेव, विश्वेश्वर महादेव, चंद्रेश्वर महादेव, यमेश्वर महादेव, इंद्रेश्वर महादेव, सागरेश्वर महादेव, प्रयागेश्वर महादेव, सिद्धेश्वर महादेव, मार्कंडेश्वर महादेव। गंगाधरेश्वर महादेव, वीरेश्वर महादेव, कुरुक्षेत्रेश्वर महादेव, नारदेश्वर महादेव, मातृकेश्वर महादेव, रुद्रेश्वर महादेव, दशरथेश्वर महादेव, रामेश्वर महादेव (द्वितीय), पवनकेश्वर महादेव, लकुलीश्वर महादेव, दुर्वासेश्वर महादेव, पिंगलेश्वर महादेव, कायावरोहणेश्वर महादेव, चिंतामणेश्वर महादेव, अर्केश्वर महादेव, विष्णुकेश्वर महादेव, आंगारकेश्वर महादेव, कुटिकेश्वर महादेव, समीश्वर महादेव, कपिलासंगमेश्वर महादेव, अमृतेश्वर महादेव, कर्णेश्वर महादेव, ऋणमुक्तेश्वर महादेव (कर्ज मुक्ति के लिए विशेष प्रसिद्ध), स्थावरेश्वर महादेव, ब्रह्मेश्वर महादेव, जलेश्वर महादेव, आनंदेश्वर महादेव, कंठेश्वर महादेव और अंत में लोमशेश्वर महादेव। बता दें कि यह सभी उज्जैन शहर और उसके आसपास 84 महादेव मंदिर मौजूद हैं।

**रूट मैप की लें सहायता**

उज्जैन में स्थानीय गाइड और स्थानीय प्रशासन की ओर से रूट मैप मिलता है। जोकि अगस्तेश्वर महादेव से शुरू होता है और लोमशेश्वर महादेव तक जाता है। आप इस आसानी से इस मैप का इस्तेमाल करके 84 महादेव के दर्शन कर सकती हैं। आपको इन सभी महादेव के दर्शन करने में 2 से 3 दिन का समय लगता है।

## Sam Manekshaw को कैसे मिला 'सैम बहादुर' नाम, जानें गोरखा कनेक्शन



27 जून को फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ निधन हो गया था। सेकेंड वर्ल्ड वॉर के दौरान म्यांमार में युवा कैप्टन मानेकशॉ ने अपनी बहादुरी का परिचय दिया था। वह सैम बहादुर के नाम से भी जाने जाते थे।

फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ का 27 जून को निधन हो गया था। वह गोरखा रेजीमेंट के अफसर थे। मानेकशॉ आजादी से पहले सेना में शामिल हुए थे। वह ब्रिटिश रॉयस इंडियन आर्मी में फ्रंटियर रेजीमेंट में शामिल हुए थे। लेकिन देश के बंटवारे के बाद यह रेजीमेंट पाकिस्तान चला गया था और मानेकशॉ गोरखा रेजीमेंट में आ गए। यहीं पर गोरखा सैनिक उनको सैम बहादुर के नाम से पुकारने लगे थे। तो आइए जानते हैं उनकी डेथ एनिवर्सरी के मौके पर सैम मानेकशॉ के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

**जन्म और परिवार**

ब्रिटिश भारत के पंजाब प्रांत के अमृतसर में 03 अप्रैल 1914 को सैम मानेकशॉ का जन्म हुआ था। उनका पूरा नाम सैम होरमूजजी फ्रामजी जमशेदजी मानेकशॉ था। उनके पिता डॉ होर्मसजी मानेकशॉ था। शुरूआती पढ़ाई करने के लिए बाद उन्होंने हिंदू सभा कॉलेज से मेडिकल की पढ़ाई की। मानेकशॉ ने अपने पिता के खिलाफ जाकर जुलाई 1932 में भारतीय सैन्य अकादमी में दाखिला लिया। फिर दो साल बाद 4/12 फ्रंटियर फोर्स रेजीमेंट में भर्ती हुए।

**साल 1971 की जीत**

जब भारत ने साल 1971 के युद्ध में सैन्य ताकत के बल पर पाकिस्तान को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया था। तो आर्मी चीफ सैम मानेकशॉ इसके हीरो के रूप में उभरे थे। उन्होंने रणनीति बनाने के साथ सेना की अगुवाई की थी। सिर्फ 14 दिनों में पाकिस्तान की हार तय कर दी थी। साल 1973 में रिटायर होने के एक दिन पहले सैम मानेकशॉ को फील्ड मार्शल की उपाधि दी गई थी।

**बेबाक थे मानेकशॉ**

सैम मानेकशॉ ने साल 1971 में देश की तत्कालीन पीएम इंदिरा गांधी से कहा था कि अभी सेना युद्ध के लिए तैयार नहीं है। उन्होंने इंदिरा गांधी से आग्रह किया कि उनको कुछ महीनों का समय दिया जाए। जिसके बाद इंदिरा गांधी ने उनकी बात मान ली और दिसंबर 1971 में भारत-पाकिस्तान युद्ध शुरू हुआ और भारत को जीत मिली।

**लगी थीं 7 गोलियां**

दूसरे विश्व युद्ध के दौरान बर्मा मौर्चे पर मानेकशॉ को जापानी सैनिकों के खिलाफ मशीन गन की 7 गोलियां लगी थी। यह गोलियां मानेकशॉ के जिगर, आंतों और गुर्दे पर लगी थी। लेकिन इसके बाद भी मौत उनको छू भी नहीं सकी और खुद डॉक्टर भी उनकी हालत देखकर उनके बचने की उम्मीद छोड़ चुके थे। लेकिन सैम मानेकशॉ ने मौत को भी हरा दिया था।


कार्ड एवं स्टेशनरी

शादी के कार्ड
खत्री स्टेशनर्स
साई मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप

Designer Salwar Suit Lancha Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप

NEW GENERATION
Exclusive Wear House
KIDS MENS TEENAGERS
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप

DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ

पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch 9324652370
Bandra Branch 8108888280
HEAD OFF. : SHOP No.-2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682




## स्वामी विवेकानंद ने 39 साल में क्यों ली थी महासमाधि, जानें Belur Math का वो रहस्य

**04 जुलाई को महान आध्यात्मिक चिंतक और राष्ट्रनिर्माता स्वामी विवेकानंद का निधन हो गया था। स्वामी विवेकानंद ने अपने जीवन में जो भी कार्य किए, उसका प्रभाव आज भी पूरी दुनिया महसूस करती है।**

भारत के महान आध्यात्मिक चिंतक, राष्ट्रनिर्माता और युवाओं के प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद का 04 जुलाई को निधन हो गया था। उन्होंने विश्व मंच पर वेदांत, भारतीय संस्कृति और सनातन दर्शन को नई पहचान दिलाई थी। स्वामी विवेकानंद का मानना था कि किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति उसके युवा होते हैं। स्वामी विवेकानंद ने अपने जीवन में जो भी कार्य किए, उसका प्रभाव आज भी पूरी दुनिया महसूस करती है। तो आइए जानते हैं उनकी डेथ एनिवर्सरी के मौके पर स्वामी विवेकानंद के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

**जन्म और परिवार**

कोलकाता में 12 जनवरी 1863 को स्वामी विवेकानंद का जन्म हुआ था। उनका असली नाम नरेंद्र नाथ दत्त था। वह एक संपन्न बंगाली परिवार से ताल्लुक रखते थे। उनके पिता का नाम विश्वनाथ दत्त था, जोकि एक फेमस वकील थे। वहीं उनकी मां का नाम भुवनेश्वरी देवी था। जो एक धार्मिक विचारों वाली महिला थीं। नरेंद्रनाथ बचपन से ही जिज्ञासु और बुद्धिमान थे। वह शास्त्र, वेद और भारतीय संस्कृति के बारे में रुचि रखते थे।

**रामकृष्ण परमहंस से मुलाकात**

साल 1881 में पहली बार स्वामी विवेकानंद की रामकृष्ण परमहंस की मुलाकात हुई और वह उनके शिष्य बन गए। रामकृष्ण परमहंस की शिक्षाओं ने स्वामी विवेकानंद के जीवन को पूरी तरह से बदल दिया था। परमहंस ने विवेकानंद को भारतीय संस्कृति, आत्मज्ञान और जीवन के उद्देश्य को समझने में मार्गदर्शन किया था। रामकृष्ण परमहंस की शिक्षा के आधार पर स्वामी विवेकानंद ने आत्मा की शक्ति, समाज सुधार और धार्मिक सहिष्णुता के विषय में गहरे विचार किए।

**शिकागो विश्व धर्म महासभा**

साल 1893 में स्वामी विवेकानंद की पहचान पूरी दुनिया में शिकागो विश्व धर्म महासभा में उनके प्रसिद्ध भाषण से हुई। उन्होंने अपने भाषण में धार्मिक सहिष्णुता, भारतीय संस्कृति और मानवता के महत्व पर जोर दिया था। स्वामी विवेकानंद का यह भाषण आज भी धार्मिक एकता और सामाजिक एकता के रूप में याद किया जाता है।

**मृत्यु**

वहीं पश्चिम बंगाल के बेलूर मठ में 04 जुलाई 1902 को 39 साल की उम्र में स्वामी विवेकानंद का निधन हो गया था। स्वामी विवेकानंद के अनुयायियों का मानना था कि जीवन के अंतिम समय में बेलूर मठ में ध्यान लगाते लिए उन्होंने अपनी इच्छा से महासमाधि प्राप्त की थी।


होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762

मेडिकल डायरेक्ट्री

बच्चों के डॉक्टर

मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ

गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
नि:संतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
समय प्रात: 9 से रात्रि 8 बजे तक रविवार 9 से 1 बजे तक
पता: टकसाल सिनेमा के सामने ( नियर ताज होटल ) नदेसर, वाराणसी
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ

काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138


## R.D. Burman के Classic Songs आज भी दिलों पर करते हैं राज, जानें दिलचस्प किस्से



म्यूजिक डायरेक्टर आरडी बर्मन का 27 जून को जन्म हुआ था। वह एक ऐसे म्यूजिक डायरेक्टर थे, जोकि गिलास के टनटन की आवाज, बारिश की बूंदों और हर चीज की आवाज से म्यूजिक बना लिया करते थे।

27 जून को आरडी बर्मन का जन्म हुआ था। 60 के दशक में आरडी बर्मन ने म्यूजिक को कायाकल्प कर दिया था। आरडी बर्मन एक ऐसे म्यूजिक डायरेक्टर थे, जोकि गिलास के टनटन की आवाज, बारिश की बूंदों और हर चीज की आवाज से म्यूजिक बना लिया करते थे। आरडी बर्मन के गाने सुपरहिट रहे और उन्होंने आखिरी समय तक गाने बनाए। लेकिन अपनी जिंदगी के आखिरी समय में वह अकेलेपन का शिकार हो गए थे। तो आइए जानते हैं उनकी बर्थ एनिवर्सरी के मौके पर आरडी बर्मन के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

**जन्म और परिवार**

कोलकाता के एक बंगाली परिवार में 27 जून 1939 को आरडी बर्मन का जन्म हुआ था। इनका पूरा नाम राहुल देव बर्मन था। इनके पिता का नाम सचिन देव बर्मन यानी की एसडी बर्मन था। वह हिंदी और बंगाली फिल्मों के दिग्गज म्यूजिक डायरेक्टर थे। वहीं आरडी बर्मन की मां मीरा देव बर्मन बंगाली फिल्मों की गीतकार थीं।

**पहली हिट फिल्म**

आरडी बर्मन को म्यूजिक का सेंस अपने पिता और मां से मिला था। उन्होंने साल 1996 में आई फिल्म 'तीसरी मंजिल' से बतौर म्यूजिक डायरेक्टर अपने करियर की शुरूआत की थी। इस फिल्म के गाने हिट रहे थे। करियर की शुरूआत में आरडी बर्मन ने बैक टू बैक फिल्मों में म्यूजिक देना शुरू किया। इसमें 'यादों की बारात', 'प्यार का मौसम', 'शोले', 'बहारों के सपने', 'जेवेल थीफ' और 'प्रेम पुजारी' जैसी फिल्में शामिल हैं।

**सुपरहिट गाने**

आरडी बर्मन के गाने बनाने का स्टाइल अलग था। वह हर एक चीज से म्यूजिक निकाल देते थे। 'चुरा लिया है तुमने जो दिल को' गाने की शुरूआत में जो धुन है, वह आरडी बर्मन को ड्रिंक करते हुए ख्याल आया था। आरडी बर्मन फिल्म यादों की बारात के इस गाने का म्यूजिक बनाने के बारे में सोच रहे थे और साथ में ड्रिंक भी कर रहे थे। तभी कांच के गिलासों से आवाज आई और उसी का उन्होंने धुन बना दिया था।

आरडी बर्मन ने ऐसे न जाने कई म्यूजिक बनाई, जिसमें लोगों की आवाजों से, बारिश की बूंदों से और भी कई चीजों से म्यूजिक बनाया जो हिट रहा। उन्होंने अपने करियर में 331 से अधिक फिल्मों में म्यूजिक दिया और सभी सुपरहिट रहे।

**मृत्यु**

अपने आखिरी समय में आरडी बर्मन बीमार रहने लगे थे। उन्होंने म्यूजिक बनाना बंद कर दिया था। साल 1994 में आई फिल्म '1942: अ लव स्टोरी' में आरडी बर्मन के म्यूजिक में बनी उनकी लास्ट फिल्म थी। इसके लिए आरडी बर्मन को फिल्म के मेकर्स ने काफी मनाया था। वहीं 04 जनवरी 1994 को आरडी बर्मन ने इस दुनिया को अलविदा कह दिया था।


लिवर रोग विशेषज्ञ

समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाश्य में छाला, अन्दरूनी रक्तस्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
परामर्श समय: 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पूरी
MBBS, MD (IMS-BHU) DM (GASTRO.) SMS Jaipur
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ

ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
OPD Time 12 Pm to 2 Pm Mob: 8957650464
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी [नियर पासपोर्ट ऑफिस]

मानसिक रोग विशेषज्ञ

तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ

डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थ्रोस्कोपी ( लिगामेंट सर्जरी ) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170